पाक्षिक समाचार

सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXIX अंक–17 15 सितम्बर, 2024

भीष्मद्रोणप्रमुखतः सर्वेषां च महीक्षिताम्। उवाच पार्थ पश्यैतान्समवेतान्कुरूनिति।।

''भीष्म, द्रोण तथा विश्व भर के अन्य समस्त राजाओं के सामने भगवान ने कहा कि हे पार्थ ! यहाँ पर एकत्र सारे कौरवों को देखों''।

श्रीमद्भग्वद्गीता 1/25

अध्यक्षों/सह–अध्यक्षों की नियुक्तियाँ

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/AREG/4(3)/2024/312836 दिनांक 29.08.2024 के अनुसार संस्थान की समस्त गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए निदेशक महोदय ने विभिन्न विभागों/केंद्रो/स्कूलों के अध्यक्षों एवं सह अध्यक्षों के रूप में निम्नानुसार संकाय सदस्यों की नियुक्ति/विस्तार किया है:–

विभाग एवं उनके अध्यक्ष/सह अध्यक्ष

क्र. सं.	विभाग	नाम	अवधि (तक)	अभियुक्तियाँ
1.	रासायनिक इंजीनियरी	प्रो. अनुराग एस. राठौर	31.08.2026	**नव नियुक्ति**
2.	रसायन विज्ञान	प्रो. सेल्वाराजन नागेन्द्रन	31.08.2026	
3.	विद्युत इंजीनियरी	प्रो. शंकर प्रक्रिया	31.08.2026	
4.	प्रबंध अध्ययन	प्रो. एस.पी. सिंह	31.08.2026	
5.	भौतिकी	प्रो. सुजीत चौधरी	31.08.2026	
6.	पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी	प्रो. जयंत जैन	31.08.2026	
7.	यांत्रिक इंजीनियरी	प्रो. पी.एम.वी. सुब्बाराव	31.08.2026	
8.	अनुप्रयुक्त यांत्रिकी	प्रो. संतोष कपूरिया	31.08.2025	**पहले से ही अधिसूचित**
9.	कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी	प्रो. नवीन गर्ग	31.08.2026	
10.	सिविल इंजीनियरी	प्रो. वसंत ए. मतसागर	21.01.2026	
11.	डिजाइन	प्रो. ज्योति कुमार	05.05.2026	
12.	वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी	प्रो. आर. अलगिरूसामी	31.08.2025	**01.09.2024 से एक वर्ष का विस्तार**
13.	जैव रासायनिक इंजीनियरी एवं जैव प्रौद्योगिकी	प्रो. रितु कुलश्रेष्ठ	31.08.2025	
14.	मानविकी एवं समाज विज्ञान	प्रो. फरहाना इब्राहिम	31.08.2025	
15.	गणित	प्रो. अपर्णा मेहरा	31.08.2025	
16.	ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरी	प्रो. वामसी कृष्णा कोमराला	31.08.2025	
17.	सह–अध्यक्ष, विद्युत इंजीनियरी	समाप्त		

केन्द्र एवं उनके अध्यक्ष

क्र. सं.	केन्द्र	नाम	अवधि (तक)	अभियुक्तियाँ
1.	अनुप्रयुक्त इलैक्ट्रोनिकी अनुसंधान (CARE)	प्रो. समरेश दास	31.08.2026	**नव नियुक्ति**
2.	कम्प्यूटर सेवा केन्द्र	श्री प्रदीप के. गुप्ता	31.08.2025	**पहले से ही अधिसूचित**
3.	ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी (CRDT)	प्रो. विवेक कुमार	31.08.2025	
4.	आटोमोटिव अनुसंधान एवं ट्राइबोलॉजी (CART)	प्रो. दीपक कुमार	31.08.2025	
5.	संवेदक उपकरणीकरण और साइबर भौतिक तंत्र इंजीनियरी (SENSE)	प्रो. गुफरान एस. खान	31.08.2025	
6.	प्रकाशिकी एवं फोटोनिक्स (OPC)	प्रो. पी. सैथिलकुमारन	31.08.2025	
7.	जैव चिकित्सा इंजीनियरी (CBME)	प्रो. नीतू सिंह	30.11.2025	
8.	इंजीनियरी में मूल्य शिक्षा का राष्ट्रीय संसाधन (NRCVEE)	प्रो. कनिका टी. भाल प्रबंध अध्ययन	31.10.2025	
9.	परिवहन अनुसंधान एवं चोट रोकथाम (TRIPC)	प्रो. कालगा रामचन्द्रा राव सिविल इंजीनियरी	31.08.2025	
10.	वायुमण्डलीय विज्ञान (CAS)	प्रो. सोमनाथ बैद्य राय	10.10.2025	**11.10.2024 से एक वर्ष का विस्तार**
11.	शैक्षिक प्रौद्योगिकी सेवा (ETSC)	प्रो. स्मृति रंजन सारंगी कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी	31.08.2025	**01.09.2024 से एक वर्ष का विस्तार**

स्कूल एवं उनके अध्यक्ष

क्र. सं.	स्कूल	नाम	अवधि (तक)	अभियुक्तियाँ
1.	कुसुमा जैव विज्ञान (KSBS)	प्रो. विवेकानन्दन पेरूमल	31.08.2026	**नव नियुक्तियाँ**
2.	अन्तरविद्याशाखायी अनुसंधान (SIRe)	प्रो. नीलांजन सेनरॉय विद्युत इंजीनियरी	31.08.2026	
3.	सार्वजनिक नीति (SOPP)	प्रो. सुमा अत्रेय	31.08.2026	
4.	अमरनाथ एवं शशि खोसला सूचना प्रौद्योगिकी (ANSKSIT)	प्रो. श्रीकांत बेदाथुर जगन्नाथ कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी	31.08.2025	**पहले से अधिसूचित**
5.	यार्डी कृत्रिम बौद्धिकता (YSCAI)	प्रो. पराग सिंघला कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी	31.08.2025	
6.	भारती दूरसंचार प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन (BSTTM)	प्रो. हजूर शरन कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी	01.03.2025	
7.	सह–अध्यक्ष, सार्वजनिक नीति (SOPP)	समाप्त		

अन्य एकक एवं उनके अध्यक्ष/सह अध्यक्ष

क्र.सं.	अन्य एकक	नाम	अवधि (तक)	अभियुक्तियाँ
1.	अध्यक्ष, केन्द्रीय कार्यशाला	प्रो. सुनील झा, यांत्रिक इंजीनियरी	31.08.2026	**नव नियुक्ति**
2.	अध्यक्ष, क्यू.आई.पी. एवं सी.ई.पी., टी.ई.क्यू.आई.पी/ओ.सी.डी.सी.	प्रो. मानव भटनागर विद्युत इंजीनियरी	31.08.2025	**पहले से अधिसूचित**
3.	सह–अध्यक्ष, क्यू.आई.पी. तथा सी.ई.पी., टी.ई.क्यू.आई.पी./ओ.सी.डी.सी.	प्रो. मनोज कुमार सी. रामटेक रासायनिक इंजीनियरी	31.08.2025	
4.	प्रोफेसर प्रभारी करियर सेवाएं कार्यालय	प्रो. आर. अयोथिरमन सिविल इंजीनियरी	31.08.2025	
5.	सह–प्रोफेसर प्रभारी करियर सेवाएं कार्यालय	प्रो. नरेश वी. दातला यांत्रिक इंजीनियरी	31.05.2025	
6.	अध्यक्ष, हिन्दी कक्ष	डॉ. नीरज चौरसिया केन्द्रीय पुस्तकालय	31.08.2025	**01.09.2024 से एक वर्ष का विस्तार**
7.	अध्यक्ष, केन्द्रीय अनुसंधान सुविधाएँ (CRF)	प्रो. समीर सप्रा, रसायन विज्ञान	31.08.2025	
8.	सह अध्यक्ष, केन्द्रीय अनुसंधान सुविधाएँ (CRF)	प्रो. मणिदीपा बैनर्जी, कुसुमा जैव विज्ञान	31.08.2025	

संस्थान में ''राजभाषा नीति और उसका कार्यान्वयन'' विषय पर कार्यशाला– एक संक्षिप्त रिपोर्ट





भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में गृह मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा समय–समय पर राजभाषा हिन्दी के संबंध में कार्यशाला एवं विचार–विमर्श संगोष्ठी इत्यादि आयोजित करने के लिए निर्देश जारी किए जाते हैं, इसी का अनुपालन करते हुए संस्थान में 22 अगस्त, 2024 को संस्थान के सीनेट कक्ष में **''राजभाषा नीति और उसका कार्यान्वयन''** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 60 अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित नोडल अधिकारियों ने भागीदारी की। कार्यशाला के सत्र की अध्यक्षता प्रो. अंबुज सागर, उप निदेशक (नीति एवं योजना) द्वारा की गई। अतिथि वक्ता के रूप में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को आमंत्रित किया गया था।

कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए डॉ. नीरज चौरसिया (अध्यक्ष, हिन्दी कक्ष) ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के प्रति प्रोत्साहित करना तथा मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इस कार्यशाला का एक उद्देश्य नव नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस धारा में जोड़ना है क्योंकि सरकारी सेवा में नीतियों का अनुपालन करना अनिवार्य है। इस कार्यशाला का एक उद्देश्य पिछले कुछ वर्षों में संस्थान द्वारा नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी राजभाषा नीति संबंधी प्रावधानों व संघ की राजभाषा नीति से अवगत कराना है। हिन्दी में कार्य करना हमारा प्रशासनिक दायित्व है। आज की इस कार्यशाला में हम तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा संविधान में राजभाषा की स्थिति पर चर्चा करेंगे, उन्होंने प्रो. अंबुज सागर को कार्यशाला में अपना बहुमूल्य समय एवं हिन्दी कक्ष को लगातार सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित दिया।

कार्यशाला के अध्यक्ष प्रो. सागर ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन के प्रारंभ में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) (गृह मंत्रालय, भारत सरकार) का स्वागत करते हुए कहा कि श्री शर्मा की उपस्थिति हमारे लिए गर्व का विषय है। आप पिछले लगभग 30 वर्षों से राजभाषा से जुड़े हुए हैं तथा इस क्षेत्र में आपका ज्ञान अपार है। संस्थान राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम लक्ष्यों को प्राप्त करने में सदैव प्रयासरत रहता है। प्रत्येक तिमाही में इसकी समीक्षा भी की जाती है। आपने आशा व्यक्त की कि आज यहां उपस्थित प्रतिभागी निसंदेह अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त करेंगे तथा भारत सरकार के राजभाषा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे। उन्होने प्रतिभागियों से कहा कि आज की कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक प्रशासनिक कार्यों के प्रयोग में अवश्य लाएं।

श्री कुमार पाल शर्मा ने अनौपचारिक माहौल बनाते हुए बहुत ही सरल, सहज तरीके से राजभाषा के विविध प्रावधानों, संविधान के अनुच्छेद 53 में निहित सरकारी कर्त्तव्यों के प्रति शपथ सहित राजभाषा के अनुच्छेद 343 से 351 तक, राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976, राजभाषा नीति, राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम तथा तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रत्येक बिन्दु पर चर्चा की। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं मनोयोग से श्री कुमार पाल शर्मा को सुना तथा अपने प्रश्न पूछकर समस्याओं का निवारण भी किया।

डॉ. नीरज चौरसिया (अध्यक्ष, हिन्दी कक्ष) ने संघ की राजभाषा नीति व राजभाषा संबंधी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करने के लिये अतिथि वक्ता को धन्यवाद दिया तथा आशा व्यक्त की कि सभी कर्मचारी यहां से प्राप्त जानकारी को अपनी प्रशासनिक दिनचर्या व कार्यों में शामिल करेंगे।

अंत में श्रीमती इन्द्रमणि (उप तकनीकी अधिकारी) ने उप निदेशक (नीति एवं योजना), अतिथि वक्ता, अध्यक्ष (हिन्दी कक्ष) एवं सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला में भागीदारी के लिये धन्यवाद देते हुए कार्यशाला का समापन किया।

—डॉ. नीरज चौरसिया एवं
श्रीमती इन्द्रमणि

गुरू नानक सत्संग
आई.आई.टी. दिल्ली

गुरू नानक सत्संग के प्रधान से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 28.08.2024 को हुई आम सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी के निम्नलिखित सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गयाः—

प्रो. हरपाल सिंह	संरक्षक
श्री मनजीत सिंह	प्रधान
श्री मनप्रीत सिंह	सचिव
श्री रणवीर सिंह	सह सचिव
प्रो. एस.पी. सिंह	कोषाध्यक्ष
श्री पी.के. सक्सेना	लेखा परीक्षक
श्री जी.एस. कोहली	प्रबंधक
सुश्री हरप्रीत कौर	सहायक प्रबंधक
श्री एकनूर सिंह	सहायक प्रबंधक

कार्यकारिणी के अन्य सदस्य

श्री हरप्रीत सिंह
प्रो. पी.एस. जस्सल
प्रो. अमित मेंहदीरत्ता
श्री देश राज कम्बोज
श्री गुरदीप सिंह
श्री स्वर्ण सिंह
श्री गुनदीप सिंह
सुश्री गगन
सुश्री पूर्णिमा कम्बोज
श्री देवेन्द्र कुमार
श्री विपिन कक्कड़
श्री सहेजप्रीत सिंह

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत अनिवार्य रुप से द्विभाषी जारी किए जाने वाले कागजात

1 सामान्य आदेश / General Orders
2 संकल्प / Resolution
3 परिपत्र / Circulars
4 नियम / Rules
5 प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन / Administrative or other reports
6 प्रेस विज्ञप्तियाँ / Press Release/ Communiques
7 संविदाएँ / Contracts
8 करार / Agreements
9 अनुज्ञप्तियाँ / Licences
10 निविदा प्रारुप / Tender Forms
11 अनुज्ञा पत्र / Permits
12 निविदा सूचनाएँ / Tender Notices
13 अधिसूचनाएँ / Notifications
14 संसद के समक्ष रखे जाने वाले / प्रतिवेदन तथा कागज पत्र / Reports and documents to be laid before the Parliament

राजभाषा हिन्दी के अनुसार राज्यों का वर्गीकरण

क्षेत्र क— बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड़, उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र।

क्षेत्र ख— गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र।

क्षेत्र ग— खंड (1) और (2) में निर्दिष्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भिन्न राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र।

राजभाषा नियम 1976 नियम 5

राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के अनुसार हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर आवश्यक रूप से हिंदी में दिया जाना अनिवार्य है। अतः सभी विभाग / केन्द्र / अनुभाग / प्रकोष्ठ / एकक आदि के अध्यक्षों से अनुरोध है कि हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर केवल हिंदी में दें और उनका रिकॉर्ड रखें।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

मुद्रकः सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई—मेलः sagarprinters@gmail.com